# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या:– (0755) 2551650, फैक्स – (0755) 2552061


क्रमांक /3019 /प.स./2023 भोपाल दिनांक 25/05/2023

प्रति,

**प्राचार्य,**
**समस्त, मान्यता प्राप्त संस्थायें/अग्रेषण संस्थायें**
**मध्यप्रदेश।**

विषयः– वर्ष 2023 की हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल पूरक परीक्षा एवं हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

—//—

वर्ष 2023 की हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा, एवं हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 31 मई 2023 से हायरसेकण्डरी परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व एवं हायरसेकेण्डरी व्यावसायिक तथा हाईस्कूल परीक्षा हेतु विषयवार परीक्षा प्रारंभ दिनांक के एक दिन पूर्व तक भरे जा सकेंगे।

मण्डल द्वारा इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में बेस्ट फाईव योजना के अन्तर्गत परीक्षा परिणाम की घोषित किया गया है, बेस्ट फाइव पद्धति के तहत् यदि छात्र एक विषय में अनुत्तीर्ण होता है और उसका परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण घोषित किया गया है, ऐसी स्थिति में यदि छात्र अनुत्तीर्ण विषय की पूरक परीक्षा देना चाहे, तो उसी सत्र की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। ऐसे छात्र दिनांक 31 मई 2023 से 15 जून 2023 तक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन भर सकेंगे। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 16.07.2023 तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे।

<u>पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन भरने हेतु निम्न प्रक्रिया निर्धारित की गई है:–</u>

1 पूरक पात्र छात्र स्वयं एम पी ऑनलाईन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर पूरक के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें। जो छात्र स्वयं कियोस्क में जाकर पूरक परीक्षा हेतु आवेदन नहीं करना चाहते वह अपनी शिक्षण संस्था में नियमित छात्र जिसमें वह अध्ययनरत् थे, तथा स्वाध्यायी छात्र मुख्य परीक्षा हेतु उनके आवेदन पत्र अग्रेषण करने वाली संस्था में पूरक परीक्षा के आवेदन हेतु प्राचार्य (संस्था प्रमुख) को अपने नाम, अनुक्रमांक तथा पूरक के विषय की जानकारी भरने के साथ परीक्षा शुल्क जमा करा सकते है। संस्था प्रमुख इस प्रकार से आवेदन करने वाले छात्रों को उनके शुल्क जमा की रसीद देंगे तथा निर्धारित तिथि के पूर्व ऐसे समस्त छात्रों का निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल चार्ज ₹25/– एवं उनके पूरक से संबंधित जानकारी सहित कियोस्क में जाकर ऑनलाईन आवेदन भरेंगे। निर्धारित समय सीमा में उक्त कार्यवाही करने के लिये संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होगें।

2. हायर सेकण्डरी परीक्षा में केवल एक विषय तथा हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों को ही पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। हायर सेकेण्डरी के समस्त विषयों की पूरक परीक्षा सोमवार दिनांक 17 जुलाई 2023 तथा हाईस्कूल पूरक परीक्षा दिनांक 18 जुलाई 2023 से 27 जुलाई 2023 को प्रातः 09.00 से 12.00 बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

3. हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें जो हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा 2023 में पूर्ण विषयों में सम्मिलित होकर परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हों। परीक्षा दिनांक 18 जुलाई 2023 से 24 जुलाई 2023 तक प्रातः 09.00 से 12:00 बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

4. हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के ऐसे विषयों में जिनमें प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है, सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक भाग जिनमें छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं, उस भाग में ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। यदि कोई छात्र केवल प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है, तो उसे सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार से यदि कोई छात्र केवल सैद्धांतिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है तो उसे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है।

5. पूरक उत्तीर्ण छात्रों एवं माईग्रेशन (हायरसेकेण्डरी) का प्रेषण समन्वयक संस्था के माध्यम से छात्रों की संबंधित शाला में किया जावेगा। पूरक पात्र छात्रों की अंकसूचीयाँ पूरक परीक्षा के परिणाम आने के पश्चात् ही जारी की जायेगी।

6. पूरक पात्र छात्रों को आवेदन पत्र भरने हेतु शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | विवरण | | शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रति विषय परीक्षा शुल्क (हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल) नियमित/स्वाध्यायी | | ₹ 350/- |
| 2 | परीक्षा शुल्क (हायर सेकण्डरी व्यावसायिक) | दो विषय तक | ₹ 350/- |
| | | चार विषय तक | ₹ 500/- |
| | | चार से अधिक विषय तक | ₹ 600/- |
| 3 | ऑनलाईन (KIOSK) संचालक को देय शुल्क (उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त) | | ₹ 25/- |

7. वर्ष 2023 की पूरक परीक्षा में किसी छात्र को बिना ऑनलाइन आवेदन भरे परीक्षा मे सम्मिलित नही कराया जावेगा। यदि कोई छात्र बिना परीक्षा आवेदन भरे परीक्षा में सम्मिलित होता है, तो उसकी परीक्षा निरस्त की जावेगी।

पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 30 जून 2023 से ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त किये जा सकेगें।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/3020/प.स./2023 भोपाल दिनांक 25/05/2023

प्रतिलिपि :-

1 आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल।
2 समस्त, कलेक्टर मध्यप्रदेश।
3 समस्त, संयुक्त संचालक शिक्षा मध्यप्रदेश।
4 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश।
5 सी. एस. ओ/पंजीयक परीक्षा/डाटा/जनसंपर्क अधिकारी/विधि अधिकारी, मा.शि.म.भोपाल म.प्र.।
6 आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
7 निज सचिव-अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव/अति. सचिव/उप सचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्तीय सलाहकार
8 समस्त सहायक सचिव/समकक्ष अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
9 समस्त कक्षाधिकारी/लोक सूचना/सुरक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
10 समस्त केन्द्राध्यक्ष पूरक परीक्षा वर्ष 2023 म.प्र.।
11 संचालक, एम.पी. ऑनलाईन मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

## पूरक परीक्षा कार्यक्रम–2023

हायर सेकेण्डरी पूरक परीक्षा – समय प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक

| परीक्षा का दिन | दिनांक | विषय |
|---|---|---|
| सोमवार– MONDAY | 17.07.2023 | हायर सेकण्डरी परीक्षा के समस्त विषय |

हाईस्कूल पूरक परीक्षा – समय प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक

| क्र. | दिन | दिनांक | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | मंगलवार | 18.07.2023 | हिन्दी Hindi |
| 2 | बुधवार | 19.07.2023 | गणित Mathematics |
| 3 | गुरूवार | 20.07.2023 | उर्दू Urdu |
| 4 | शुक्रवार | 21.07.2023 | सामाजिक विज्ञान Social Science |
| 5 | शनिवार | 22.07.2023 | विज्ञान Science |
| 6 | सोमवार | 24.07.2023 | अंग्रेजी English |
| 7 | मंगलवार | 25.07.2023 | संस्कृत Sanskrit |
| 8 | बुधवार | 26.07.2023 | 1– मराठी Marathi, गुजराती Gujrati, पंजाबी Punjabi, सिन्धी Sindhi<br>2– केवल मूक तथा बधिर छात्रों के लिये (Only for Deaf & Dumb Students)- पेंटिंग Painting<br>3– केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिये (Only for Blind Students) -संगीत– Music |
| 9 | गुरूवार | 27.07.2023 | NSQF (नेशनल स्कील्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क) के समस्त विषय |

1. प्रायोगिक विषय में पूरक पात्र छात्रों की परीक्षा उसी दिन प्रातः सैद्धांतिक प्रश्न–पत्र सम्पन्न होने के पश्चात् अपरांह में केन्द्राध्यक्षों द्वारा सम्पादित की जाएगी। अतः छात्र सतत् संबंधित केन्द्राध्यक्षों से संपर्क में रहें।
2. मण्डल तिथि एवं समय में विशेष परिरिथति में आवश्यक होने पर परिवर्तन कर सकेगा।
3. पूरक के पात्र उन्हीं छात्रों को प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा, जिन्होने नियत तिथि के पूर्व ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा कर दिया हो।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल
भोपाल, दिनाँक 25/05/2023

पृ0क्रमांक/3021/परीक्षा समन्वय/2023
प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. निज सचिव, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल।
5. समस्त जिला कलेक्टर मध्यप्रदेश।
6. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक मध्यप्रदेश।
7. समस्त मण्डल सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
8. सी.एस.ओ./पंजीयक (डाटा)/अभिलेख/परीक्षा/समन्वय)/जनसंपर्क अधिकारी।
9. समस्त सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
10. आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
11. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
12. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
13. प्राचार्य,समस्त मान्यता प्राप्त संस्थायें मध्यप्रदेश।
14. निज सचिव, सचिव/अतिरिक्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक/उपसचिव/अपर संचालक वित्त, मा.शि.म.म.प्र।
15. समस्त सहायक सचिव/कक्षाधिकारी/सुरक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

## हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट व्यावसायिक पाठ्यक्रम (व्होकेशनल कोर्स) द्वितीय अवसर परीक्षा वर्ष–2023 का परीक्षा कार्यक्रम

समय प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक

| क्र. | दिन | दिनांक | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | मंगलवार | 18.07.2023 | हिन्दी |
| 2 | बुधवार | 19.07.2023 | अंग्रेजी |
| 3 | गुरूवार | 20.07.2023 | व्होकेशनल कोर्स (व्यावसायिक पाठ्यक्रम)<br>उपरोक्त पाठ्यक्रमों के व्होकेशनल कोर्स का– प्रथम प्रश्न पत्र |
| 4 | शुक्रवार | 21.07.2023 | उपरोक्त पाठ्यक्रमों के व्होकेशनल कोर्स का– द्वितीय प्रश्न पत्र |
| 5 | शनिवार | 22.07.2023 | उपरोक्त पाठ्यक्रमों के व्होकेशनल कोर्स का– तृतीय प्रश्न पत्र |
| 6 | सोमवार | 24.07.2023 | फाउन्डेशन कोर्स (आधार पाठ्यक्रम)<br>इनवायरमेंटल एज्यूकेशन एण्ड रूरल डेवलेपमेंट + इन्टरप्रेनुअरशिप |

1. प्रायोगिक विषय में पूरक पात्र छात्रों की परीक्षा उसी दिन प्रातः सैद्धांतिक प्रश्न पत्र सम्पन्न होने के पश्चात् अपरांह में केन्द्राध्यक्षों द्वारा सम्पादित की जाएगी। अतः छात्र सतत् संबंधित केन्द्राध्यक्षों से संपर्क में रहें।
2. मण्डल तिथि एवं समय में विशेष परिस्थिति में आवश्यक होने पर परिवर्तन कर सकेगा।
3. पूरक के पात्र उन्हीं छात्रों को प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा, जिन्होने नियत तिथि के पूर्व ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा कर दिया हो।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

पृ0क्रमांक/3022/परीक्षा समन्वय/2023

भोपाल, दिनाँक 25/05/2023

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. निज सचिव, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल।
5. समस्त जिला कलेक्टर मध्यप्रदेश।
6. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक मध्यप्रदेश।
7. समस्त मण्डल सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
8. सी.एस.ओ./पंजीयक (डाटा)/अभिलेख/परीक्षा/समन्वय)/जनसंपर्क अधिकारी।
9. समस्त सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
10. आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
11. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
12. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
13. प्राचार्य,समस्त मान्यता प्राप्त संस्थायें मध्यप्रदेश।
14. निज सचिव, सचिव/अतिरिक्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक/उपसचिव/अपर संचालक वित्त, मा.शि.म.म.प्र।
15. समस्त सहायक सचिव/कक्षाधिकारी/सुरक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल